>

Title: Need to augment rail services in Sholapur Railway Division, Maharashtra

.

***श्री सुभाÂष सुरेशचंद्र देशमुख (शोलापुर) :** मेरे संसदीय क्षेत्र सोलापुर, जिसमें सोलापुर रेलवे डिवीजन, जो देश का सबसे पुराना रेलवे डिविजन है, के अन्तर्गत जेउर रेलवे स्टेशन और सोलापुर स्टेशन के पूना साईड के होम सिग्नल के पास फ्लाईओवर का निर्माण न किए जाने के कारण बड़ी कठिनाई हो रही है। इस डिवीजन के अन्तर्गत लगभग 400 ऐसे रेलवे गेट हैं, जिन पर रेलवे का कोई कर्मचारी तैनात नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप आये दिन भयंकर रेल दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इन रेलवे गेट पर कम से कम रात्रि में रेलवे कर्मचारी तैनात किए जाने की आवश्यकता है।

विगत काफी समय से सोलापुर-पूना-सोलापुर इंटरसिटी रेलगाड़ी को दोनों तरफ से एक साथ प्रारम्भ किए जाने और सोलापुर-नागपुर के बीच वाया हैदराबाद होते हुए एक एक्सप्रेस रेलगाड़ी चलाये जाने तथा सोलापुर डिवीजन के अन्तर्गत भिगवन से सोलापुर के बीच दोहरी रेल लाईन बनाये जाने एवं सोलापुर से पूना के बीच रेलवे विद्युतीकरण किए जाने की मांग की जा रही है, किन्तु अभी तक इस बारे में भी कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

देश में रेलवे के विभिन्न जोन्स में विशेÂषकर सोलापुर जोन में रेल मार्ग के अनुपात में गेंगमेन की तैनाती नहीं की गयी है और इन गेंगमेन को विशेÂाकर रात्रि में ग्रामीण अंचलों में ड्यूटी पर आने जाने हेतु सुरक्षा एवं संचार संबंधी समुचित सुविधा भी उपलब्ध नहीं करायी जाती है, जिस कारण उनको आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह इन कार्यों को वरीयता के आधार पर शीघ्र करवाये जाने हेतु आवश्यक कदम उठाने का कÂष्ट करें।

* Treated as laid on the Table.